# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।
चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com


पत्रांक- 3218 / विविध-09 / 56 दिनांक- 18-05-2026

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी
अम्बेडकरनगर।

विषयः – दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनाक-16.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **" सैदापुर में जल जीवन मिशन पाइप लाइन फटी सड़क पर हजारो लीटर पानी बहा, ग्रामीणों को परेशानी"** के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर पत्र में दिनाक-16.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **" सैदापुर में जल जीवन मिशन पाइप लाइन फटी सड़क पर हजारो लीटर पानी बहा, ग्रामीणों को परेशानी"** की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | अंबेडकर नगर के जलालपुर स्थित सैदापुर पंचायत भवन के पास जल जीवन मिशन की भूमिगत पाइपलाइन अचानक फट गई। सुबह हुई इस घटना के कारण हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया, जिससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।<br>ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में गुणवत्ता संबंधी खामियां हैं। उनका कहना है कि पाइपलाइन को पर्याप्त गहराई में नहीं डाला गया है, जिसके कारण वह पानी का दबाव सहन नहीं कर पा रही है और आए दिन जगह-जगह फट रही है।<br>पाइपलाइन फटने के बाद सड़क पर तेज बहाव के साथ पानी फैल गया। इसी दौरान सीहमऊ मोलनापुर निवासी आशू यादव ने रास्ते से गुजरते हुए मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही विभागीय कर्मियों ने तत्काल पानी की आपूर्ति बंद कर मरम्मत कार्य शुरू कराया।<br>ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दो दिन पहले भी सैदापुर पुलिस चौकी के पास इसी तरह पाइपलाइन फट गई थी, जिससे भारी मात्रा में पानी बर्बाद हुआ था। यह घटना क्षेत्र में पाइपलाइन की बार-बार फटने की समस्या को उजागर करती है।<br>अवर अभियंता अरुण सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सूचना प्राप्त होते ही पानी की सप्लाई बंद करा दी गई है और पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। | जनपद अम्बेडकरनगर में ब्लाक-अकबरपुर में सैदापुर पाइप पेयजल योजनान्तर्गत पाइप लाइन 30543 मी0 के सापेक्ष 31793 मी0, , पम्प हाउस, शिरोपरी जलाशय एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 1013 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 863 नग नल कनेक्शन का कार्य किया गया है। योजना पर ट्रायल एण्ड रन एवं अवशेष गृह जल संयोजन का कार्य प्रगति पर है। 15-जुलाई-2026 से टैंक के माध्यम से सभी मजरो में नियमति रूप से जलापूर्ति की जाएगी।<br>उक्त योजनान्तर्गत ट्रायल रन के कार्य के दौरान पंचायत भवन के पास पाइप लाइन में लीकेक होने कारण पानी बह रहा था पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। |

**संलग्नक- फोटो ग्राफ संलग्न**

भवदीय

(कमला शंकर)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठ संख्या- / / दिनांकः-

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
5. अधीक्षण अभिन्ता मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प-कार्यायल सुल्तानपुर।
6. सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

bharavi/latter/CDO

# सैदापुर में जल जीवन मिशन पाइपलाइन फटी: सड़क पर ह
# पानी बहा, ग्रामीणों को परेशानी

कुमैल अब्बास | मछली गांव (जलालपुर),
अम्बेडकरनगर
2 दिन पहले



अंबेडकर नगर के जलालपुर स्थित सैदापुर पंचायत भवन के पास जल जीवन मिशन की भूमिगत पाइपलाइन अचानक फट गई। सुबह हुई इस घटना के कारण हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया, जिससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में गुणवत्ता संबंधी खामियां हैं। उनका कहना है कि पाइपलाइन को पर्याप्त गहराई में नहीं डाला गया है, जिसके कारण वह पानी का दबाव सहन नहीं कर पा रही है और आए दिन जगह-जगह फट रही है।

पाइपलाइन फटने के बाद सड़क पर तेज बहाव के साथ पानी फैल गया। इसी दौरान सीहमऊ मोलनापुर निवासी आशू यादव ने रास्ते से गुजरते हुए मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही विभागीय कर्मियों ने तत्काल पानी की आपूर्ति बंद कर मरम्मत कार्य शुरू कराया।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दो दिन पहले भी सैदापुर पुलिस चौकी के पास इसी तरह पाइपलाइन फट गई थी, जिससे भारी मात्रा में पानी बर्बाद हुआ था। यह घटना क्षेत्र में पाइपलाइन की बार-बार फटने की समस्या को उजागर करती है।

अवर अभियंता अरुण सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सूचना प्राप्त होते ही पानी की सप्लाई बंद करा दी गई है और पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है।


Time: 17-05-2026 16:58
Note: saidapur
Powered by NoteCam


Latitude: 26.389353
Longitude: 82.610128
Elevation: 103.64±2.83 m
Accuracy: 5.0 m
Time: 05-18-2026 09:29
Note: Gp saidapur
Powered by NoteCam


Latitude: 26.388895
Longitude: 82.609755
Altitude: 9.2±22.2 m
Accuracy: 98.4 m
Time: 05-17-2026 16:18
Note: Gp saidapur
Powered by NoteCam